कांग्रेस को बूथ लेवल तक मजबूत करने की कवायद शुरू

कोटा, (निसं)। कांग्रेस संगठन को बूथ लेवल तक मजबूत करने के लिए पीसीसी द्वारा नियुक्त कोटा उत्तर विधानसभा प्रभारी वीरेन्द्र सिंह झाला ने शुक्रवार को गुमानपुरा स्थित कांग्रेस कार्यालय में कोटा उत्तर ब्लॉक-ए की 11 बजे तथा ब्लॉक-बी दोपहर 12 बजे अलग-अलग बैठके आयोजित कर कांग्रेस संगठन को मजबूत करने तथा बूथ स्तर तक आमजन की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए बैठक में मुख्य अतिथि के तौर पर शांति धारीवाल मौजूद रहे।

रविन्द्र त्यागी ने दोनों अलग-अलग बैठकों की अध्यक्षता की दोनों बैठकों में कोटा लोकसभा प्रत्याशी रहे प्रहलाद गुंजल भी मौजूद रहे। पूर्व मंत्री एवं कोटा उत्तर विधानसभा विधायक शान्ति धारिवाल ने कहा कि जो ईमानदारी से वर्षों से कार्यकर्ता बूथों पर बैठता आया है उनके साथ ओर सक्रीय कार्यकर्ताओं को जोड़े ओर मिलकर घर-घर जाकर आमजन के कार्यो में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर महत्ती भूमिका निभाये निष्क्रिय कार्यकताओं जगह नए कार्यकताओ को जिम्मेदारी सौंपे तभी कांग्रेस संगठन को ओर अत्यधिक मजबूती मिलेगी उन्होंने कहा कि लोकसभा में राहुल गांधी को बोलने नही दिया जा रहा है इसके बावजूद वक्फ बोर्ड बिल पास नही दिया मोदी सरकार को भारी विरोध का सामना करना पड़ रहा मोदी सरकार घबराई हुई है भाजपा धर्म की राजनीति कर लोगों का ध्यान भटकाकर राजनीति कर रही है।

कोटा कांग्रेस कार्यालय में आयोजित बैठक को पूर्व मंत्री शान्ति धारीवाल ने संबोधित किया।

बैठको को सम्बोधित करते हुए लोकसभा प्रत्याशी रहे प्रहलाद गुंजल ने कहा कि कांग्रेस संगठन को ओर अधिक मजबूत करने के लिए ब्लॉक अध्यक्षों को अपने अपने वार्डों में मीटिंगे आयोजित कर बूथ लेवल पर सक्रिय कार्यकर्ताओं को जोड़कर पार्टी को ओर अधिक मजबूत करें साथ ही उनके व्यक्तिगत कार्यो के लिए भी अपनी अहम भूमिका निभाये।

रविन्द्र त्यागी ने कहा कि भाजपा सरकार हिटलरशाही एवं दवाब की राजनीति कर रही है उनको आमजन के कार्यो से कोई लेना-देना नही है।

कोटा उत्तर विधानसभा प्रभारी वीरेंद्र सिंह झाला ने कहा कि भाग संख्या को कांग्रेस के प्रति मजबूत करने के लिए बैठक ले और मेरी कही कोई आवश्यकता हो मुझे बुलाये में हर सम्भव आमजन के प्रति कोई भी काम हो में जनता की सेवा के लिए हमेशा तैयार हूँ उन्होंने कहा कि बूथ लेवल तभी मजबूत होगा जब आप आमजन के घर-घर जाकर दु:ख दर्द में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

पीसीसी सदस्य डॉ. जफर मोहम्मद ने कहा कि लोगों को गुमराह करना भाजपाईयो का प्रथम दृष्टिकोण रहता है उन्होंने भाग संख्या को मजबूत करने पर जोर दिया।

पीसीसी महासचिव अमित धारीवाल ने कहा कि भाजपा सरकार ने गरीब जनता को मिलने वाली योजनायें और राहत को रोक दिया है भाजपा सरकार बदले की भावना से काम कर रही है।

कोटा उत्तर ब्लॉक-ए अध्यक्ष नेवालाल गुर्जर ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा की निगम एवं पंचायतों के चुनाव नजदीक है अब हमें भाजपा की झूठी दोगली सरकार के खिलाफ कोटा निगम मे कांग्रेस का बोर्ड स्थापित करना है।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कोटा उत्तर-बी के अध्यक्ष एड.ललित शर्मा ने बैठक मे कहा की आज से हम सब प्रभारी के सामने यह संकल्प लेकर जाए की हम सब आज से ही अपने अपने क्षेत्रों मे काँग्रेस को मजबूत करने हेतु कार्य करना शुरू कर देंगे जिससे आने वाले निगम चुनाव मे काँग्रेस का बोर्ड बनने से डबल इंजन की सरकार मुँह की खानी पड़ेगी। बैठक का संचालन कांग्रेस कमेटी के जिला महासचिव डॉ. विजय सोनी ने किया।

उन्होंने बताया कि दोनों ब्लॉकों उत्तर- ए की बैठक में प्रमुख रूप से महापौर मंजू मेहरा, पूर्व उपमहापौर राकेश सोरल, उपमहापौर शोनू कुरैशी, पूर्व प्रतिपक्ष नेता अनिल सुवालका, मंडल अध्यक्ष शिवराज शर्मा, रामस्वरूप चांदना, लेखराज सैनी, हर्षद कुरेशी, खेमराज सिंह टीटू, गुड्डा कुरैशी, तथा उत्तर-बी के ब्लॉक कार्यकारी अध्यक्ष विष्णु मेवाड़ा, मंडल अध्यक्ष दिनेश विजय, रिषभ माथुर, अंकुर जैन, आबिद कुरैशी, सुभाष सैनिक, दिनेश खटीक आदि मौजूद रहे।

राष्ट्रीय अंडर-20 कुश्ती प्रतियोगिता 20 अप्रेल से

- लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला उद्घाटन करेंगे
- गांव-ढाणी से शहरों तक कुश्ती को देंगे बढ़ावा : दत्ता
- देश के 26 प्रदेशों से आएंगे पहलवान

कोटा, (निसं)। राजस्थान राज्य कुश्ती संघ प्रदेश में कुश्ती को बढ़ावा देने के लिए गांव-ढाणी से शहरों तक के लिए अलग-अलग योजनाएं बना रहा है। इसके लिए "हर मेला कुश्ती खेला" और मंडी लीग जैसी कई योजनाओं पर काम किया जा रहा है, यह जानकारी राजस्थान राज्य कुश्ती संघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष राजीव दत्ता ने दी। उन्होंने बताया कि राजस्थान राज्य कुश्ती संघ की मेजबानी में कोटा में पहली बार अंडर-20 राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन होगा। यह प्रतियोगिता नयापुरा खेल परिसर स्थित रघुराई एंडो स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में 20 अप्रेल से 22 अप्रेल तक आयोजित होगी। राजीव दत्ता ने कहा कि राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता का उद्घाटन 20 अप्रेल को सुबह 10.30 बजे लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला करेंगे।

दत्ता ने बताया कि राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए उत्साह के साथ तैयारियां की जा रही हैं। जम्मू-कश्मीर से केरल और गुजरात से मणिपुर तक सभी राज्यों के कुश्ती संघों को निमंत्रण भेजे गए हैं। अब तक 26 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से टीमें के आने की सहमति प्राप्त हो गई।

पुरूष वर्ग में फ्री स्टाइल और ग्रीको रोमन तथा महिलाओं के कुश्ती के मुकाबले होंगे। तीन ही वर्गों में वजन की 10-10 कैटेगरी रखी गई हैं। प्रतियोगिता में 600 से अधिक पहलवानों के भाग लेने की संभावना है। प्रतियोगिता में विजयी पहलवान अंडर-20 एशियन चैंपियनशिप के चयन ट्रायल में भाग लेगे।

राजस्थान राज्य कुश्ती संघ के अध्यक्ष का दायित्व संभालने के बाद राजीव दत्ता ने कहा कि हम राजस्थान को एक बार फिर कुश्ती का सिरमौर बनाना चाहते हैं।

उस पुराने गौरव को लौटाने के लिए राजस्थान राज्य कुश्ती संघ की नई टीम, प्रदेश के सभी जिला कुश्ती संघ के साथ बेहतर समन्वय और तालमेल बनाकर काम कर रही है।

हाल के कुछ वर्षों में कुश्ती कुछ प्रदेशों तक सिमट कर रह गई और बड़े खिलाड़ी इन्हें गिने-चुने प्रदेशों से आ रहे हैं। हमारा विजन है कि एशियन गेम्स से लेकर ओलंपिक्स तक में राजस्थान के पहलवानों की सहभागिता होनी चाहिए। इसके लिए एक दीर्घकालिक योजना को लागू किया जा रहा है, जिसके परिणाम जल्द ही सामने आने लगेंगे।

उन्होंने बताया कि "हर मेला-कुश्ती खेला" योजना के माध्यम से प्रदेशभर में राजस्थान पर्यटन विभाग की ओर से आयोजित होने वाले पारम्परिक मेलों में कुश्ती दंगल का आयोजन किया जाएगा।

दत्ता ने बताया कि प्रदेश में बड़ी संख्या में अखाड़े प्रारंभ करने, जहां पूर्व में अखाड़े हैं वहां बुनियादी सुविधाओं को विकसित किया जाएगा। इसके अलावा अच्छा प्रदर्शन कर रहे अखाड़ों को चयनित कर वहां 50 प्रतिशत अनुदान देकर मेट लगाने की कार्ययोजना भी बनाई गई है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में कुश्ती और पहलवानों को बढ़ावा मिलेगा।

शहरी क्षेत्रों में "क्रॉल द मॉल" योजना पर काम किया जा रहा है। इस योजना में मॉल कल्चर का लाभ लेते हुए युवाओं में कुश्ती को लोकप्रिय बनाने के लिए मॉल्स में कुश्तियों का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा स्कूलों में कुश्ती को बढ़ावा देने तथा कम उम्र से ही प्रतिभाओं को तलाशने के लिए टैलेंट हंट प्रोग्राम भी आयोजित किए जाएंगे।

सार-समाचार

"झालावाड़ हिस्ट्री गैलेरी" का उद्घाटन

झालावाड़ (निसं)। पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधानसभा क्षेत्र झालरापाटन की विधायक वसुन्धरा राजे एवं झालावाड़-बारां सांसद दुष्यन्त सिंह ने शुक्रवार को गढ़ पैलेस स्थित राजकीय संग्रहालय में तैयार झालावाड़ हिस्ट्री गैलेरी एवं आधुनिक अतिथि स्वागत कक्ष का विधिवत फीता काटकर उद्घाटन किया। इस मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री ने राजकीय संग्रहालय में तैयार झालावाड़ हिस्ट्री गैलेरी एवं आधुनिक अतिथि स्वागत कक्ष का अवलोकन किया एवं इस कार्य के लिए जिला कलेक्टर की प्रशंसा की। उन्होंने राजकीय संग्रहालय एवं झालावाड़ की विभिन्न विरासतों की प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया।

'नेत्रदान अंगदान का संकल्प लें'

कोटा, (निसं)। हाड़ौती संभाग में नेत्रदान-अंगदान-देहदान जागरूकता के लिए, कार्य कर रही संस्था शाईन इंडिया फाउंडेशन माध्यम से बैसाखी के पावन पर्व पर, बूंदी रोड़ स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह साहिब में, रविवार को सुबह 11 बजे से 4 बजे तक नैत्रदान-अंगदान-देहदान संकल्प शिविर का आयोजन किया जा रहा है। अंगदान जागरूकता पोस्टर का विमोचन करते हुए गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह साहिब के गुरुद्वारा संचालक सरदार बाबा लक्खा सिंह ने कहा कि, अंगदान का कार्य मनुष्य को ईश्वर तुल्य बनाता है, एक ब्रेनडेड व्यक्ति के दान किये अंग, 9 लोगों को मौत के मुंह से निकाल कर जीवन प्रदान करते हैं। आत्मा नश्वर हैं, वह तो तुरन्त ही एक शरीर से निकल कर, दूसरे शरीर में तुरंत ही जीवन पा जाती है, पर राख होने वाले शरीर से यदि किसी को जीवन मिलता है तो, इस कार्य से दिवंगत के मनुष्य जन्म को सार्थक बनाया जा सकता है। बाबा लक्खा सिंह ने बैसाखी पर्व पर आने वाले सभी सेवादारों से अपील करते हुए कहा कि, शिविर में आकर नेत्रदान अंगदान का संकल्प लेकर प्रशस्ति पत्र प्राप्त कर, उसको ज्यादा से ज्यादा लोगों को भेजकर अन्य लोगों को भी सेवा कार्यों के लिये प्रेरित करें। शाईन इंडिया के डॉ. कुलवंत गौड़ ने बताया कि, शिविर में नेत्रदान-अंगदान-देहदान की पूरी जानकारी के साथ साथ, कॉर्निया की अंधता के मरीजों का पंजीकरण और दृष्टि-बाधितों को उनके अधिकारों से संबंधित जानकारी दी जायेगी।

भंवरलाल प्रोपर्टी डीलर एसोसिएशन के अध्यक्ष बने

छबड़ा (निसं)। कस्बे के पॉवर हाउस स्थित बालाजी मंदिर पर गुरूवार को प्रोपर्टी डीलर एसोसिएषन की बैठक आयोजित की गई, जिसमें सर्वसम्मति से भंवरलाल कुषवाह को अध्यक्ष चुना गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा नेता हिम्मतसिंह सिंघवी ने उपस्थित सदस्यो से अध्यक्ष पद की दावेदारी पेष करने के लिए कहा। इस पर भंवरलाल कुषवाह ने अध्यक्ष पद की दावेदारी जताई। सभी सदस्यो ने सर्वसम्मति से ध्वनि मत से कुषवाह का समर्थन किया। इस पर कुषवाह को एसोसिएषन का अध्यक्ष चुना गया। इस अवसर पर भाजपा नगर अध्यक्ष भूपेंद्र सुमन, प्रधान हरिओम नागर, प्रोपर्टी एसोसिएषन के पूर्व अध्यक्ष गजानंद कुमावत, भाजपा पूर्व नगर अध्यक्ष सीपी गेरा, सत्यनारायण गौड़, संजय षर्मा आदि ने नवनियुक्त अध्यक्ष का माल्यार्पण कर स्वागत सम्मान किया। भाजपा नेता सिंघवी ने कहा कि छबडा में प्रोपर्टी का व्यवसाय ईमानदारी से किया जाता हैं, इस व्यवसाय में बडी संख्या में लोग जुड़े हुए हैं। व्यापार को आगे बढ़ाने के लिए पारदर्षिता व निश्पक्षता बनाए रखना आवष्यक हैं। साथ ही एसोसिएषन का रजिस्ट्रेशन करवाने की बात कहीं। इससे पूर्व एसोसिएषन सदस्यो ने अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया।

ऊर्जा मंत्री नागर सांगोद दौरे पर रहे

कोटा, (निसं)। ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर शुक्रवार को सांगोद विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने विभिन्न गांवों में पहुंचकर विविध कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। कार्यकर्ताओं से नववर्ष की राम-राम करते हुए मंदिरों में पहुंचकर बजरंगबली का आशीर्वाद भी लिया। मंत्री नागर ने पोलाईकलां में जय हनुमान इंडस्ट्रीज की ओर से श्री हनुमान जन्मोत्सव पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया और भगवान बजरंगबली का आशीर्वाद लिया। वे जिला सरपंच संघ की ओर से आयोजित नववर्ष सम्मेलन समारोह में भी शामिल हुए। वहीं सुल्तानपुर में महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती पर आयोजित शोभायात्रा एवं अधिवेशन समारोह में भाग लेने पहुंचे। उन्होंने कनवास के लाड़पुरा गांव में भगवान देवनारायण मंदिर पहुंचकर आशीर्वाद लिया। वहीं कनवास में मेला ग्राउंड में आयोजित ब्रज फूलों की होली कार्यक्रम में भी हिस्सेदारी की। वे दीगोद के चंद्रावला समेत विभिन्न गांव में पहुंचे और कार्यकर्ताओं से मिले।

हमले के दो वांछित आरोपी गिरफ्तार

कोटा, (निसं)। गुमानपुरा पुलिस टीम ने थाने में दर्ज हमले के मामले में वांछित चल रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गुमानपुरा थाना अधिकारी अनिल कुमार टेलर ने बताया कि 14 अगस्त 2024 को फरियादी तौफीक ने एमबीएस अस्पताल में बयान दिया कि सब्जीमंडी के गेट नंबर एक पर इंसाफ फिरोज, राजू समीर इकराम अन्य ने उसको रोककर जान से मारने की नीयत से लोहे के पाईप से मारपीट की जिससे उसको काफी गंभीर चोटें आई। थानाधिकारी ने बताया कि मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश करते हुए पूर्व में इंसाफ फिरोज समीर इकरामुद्दीन भाटी एवं रेहान को गिरफ्तार किया जा चुका था। थाना अधिकारी ने बताया कि मामले में कार्रवाई करते हुए दो आरोपी विज्ञान नगर निवासी मोहम्मद इमरान और संजय गांधी नगर निवासी राजू को गिरफ्तार किया है।

हनुमान जन्मोत्सव पर कई आयोजन होंगे

छबड़ा (निसं)। कस्बे में हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। शुक्रवार को मंदिरों में तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। हनुमान मंदिरों में विषेश साज-सज्जा की जाएगी व दिनभर धार्मिक अनुश्ठान आयोजित किए जाएंगे।

कस्बे के नीमथुर बालाजी मंदिर, एडियान मंदिर, रामधाम, हनुमान गली स्थित मंदिर, पॉवर स्थित करंट वाले बालाजी, स्टेषन रोड स्थित हनुमान मंदिर, अग्रवाल बाग के निकट स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर समेत अन्य मंदिरों में धार्मिक कार्यक्रम होंगे। मंदिरों में सुबह से ही हनुमान प्रतिमाओं पर सिंदूर चढाकर हवन-अनुष्ठान किए जाएंगे। इसके बाद बजरंगबली को भोग लगेगा। श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया जाएगा। संध्या में भी आरती के बाद मंदिरों में भजन-कीर्तन आदि कार्यक्रम होंगे। ज्योतिशों के मुताबिक हनुमान जन्मोत्सव का पर्व हिंदू धर्म में विशेष महत्व रखता है।

ब्लॉक के चलते कोटा प्लेटफॉर्म 2 की ट्रेनें अन्य उपलब्ध प्लेटफॉर्म से संचालित होंगी

कोटा, (निसं)। विश्वस्तरीय तर्ज पर कोटा स्टेशन का पुनर्विकास कार्य तीव्र गति से किया जा रहा है। यात्रियों की सुरक्षा एवं संरक्षा को ध्यान में रखते हुए इस पुनर्विकास कार्य के लिए कोटा स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या 2 पर ब्लॉक लिया जा रहा है। यह ब्लॉक दिनांक 15 अप्रैल सुबह 08.00 बजे से 29 अप्रैल, 2025 को रात 24.00 बजे तक रहेगा। ब्लॉक अवधि के दौरान कोटा स्टेशन के प्लेटफ़ॉर्म संख्या 2 से संचालित की जाने वाली यात्री गाड़ियों का संचालन अन्य उपलब्ध प्लेटफॉर्म से किया जाएगा।

ब्लॉक अवधि के दौरान शिफ्ट ट्रेनों का विवरण-गाड़ी संख्या 19103 रतलाम-कोटा प्लेटफॉर्म संख्या 1 पर आएगी एवं प्लेटफॉर्म संख्या 2 के नई दिल्ली एंड से गाड़ी संख्या 19109 कोटा-मथुरा के रूप में संचालित होगी, गाड़ी संख्या 22654 हजरत निजामुद्दीन-तिरूवंतपुरम सुपरफास्ट सोमवार एवं गाड़ी संख्या 22656 हजरत निजामुद्दीन-एर्नाकुलम शुक्रवार को प्लेटफॉर्म संख्या 1 की बजाय प्लेटफॉर्म संख्या 3 अथवा अन्य उपलब्ध प्लेटफॉर्म संख्या से जाएगी।3 ब्लॉक अवधि के दौरान कोटा होकर जाने वाली अप दिशा कोटा-नागदा की ओर जाने वाली अधिकांश एक्सप्रेस ट्रेनें प्लेटफॉर्म संख्या 2 की बजाय प्लेटफ़ॉर्म 1 व प्लेटफॉर्म 3 अथवा अन्य उपलब्ध प्लेटफ़ॉर्म संख्या से जाएगी, कोटा टर्मिनेट होने वाली गाड़ी संख्या 19814 सिरसा-कोटा, गाड़ी संख्या 19804 श्रीमाता वैष्णों देवी-कोटा, गाड़ी संख्या 19808 सिरसा-कोटा एक्सप्रेस एवं गाड़ी संख्या 09186 कानपुर अनवरगंज-मुम्बई सेन्ट्रल स्पेशल, ये सभी गाड़ियाँ कोटा के प्लेटफॉर्म संख्या 2 की बजाय प्लेटफॉर्म संख्या 4 अथवा अन्य उपलब्ध प्लेटफ़ॉर्म पर आएगी, गाड़ी संख्या 12963 हजरत निजामुद्दीन-उदयपुर मेवाड़, गाड़ी संख्या भोपाल-जोधपुर एक्सप्रेस, गाड़ी संख्या 22982 श्रीगंगानगर-कोटा, गाड़ी संख्या 19815 मंदसोर-कोटा, गाड़ी संख्या 22984 इंदौर-कोटा, गाड़ी संख्या 19821 असारवा-कोटा, गाड़ी संख्या 22983 कोटा-इंदौर एवं सवारी गाड़ियाँ प्लेटफॉर्म संख्या 3 की बजाय प्लेटफॉर्म संख्या 4 अथवा अन्य उपलब्ध प्लेटफॉर्म पर आएगी, गाड़ी संख्या 61614 कोटा-घाटोली एवं गाड़ी संख्या 61615 नागदा-कोटा मेमू प्लेटफॉर्म संख्या 1 की बजाय प्लेटफॉर्म संख्या 3 ए पर आएगी। इस संबंध में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ जैन ने बताया कि कार्य प्रगति के लिए अधोसंरचना कार्य किया जाना आवश्यक है। यात्रियों से अनुरोध है कि असुविधा से बचने के लिए स्टेशन उद्घोषणा प्रणाली अनुदेश, स्टेशन सहयोग कार्यालय, एनटीईएस अथवा रेल मदद 139 से जानकारी प्राप्त कर यात्रा करें।

दिव्यांगजन और वरिष्ठ नागरिकों को जल्द मिलेगी 'प्रधानमंत्री दिव्याशा केंद्र' की सौगात

कोटा, (निसं)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के प्रयासों से भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के अधीन कार्यरत भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को) द्वारा कोटा में 'प्रधानमंत्री दिव्याशा केंद्र' की स्थापना की गई है। यह केंद्र एमबीएस अस्पताल परिसर, नयापुरा में तैयार हो चुका है और जल्द ही इसका लोकार्पण किया जाएगा। कोटा में केंद्र की स्थापना के बाद दिव्यांगजनों और वरिष्ठ नागरिकों को नि:शुल्क जीवन सहायक उपकरण उपलब्ध कराने में आसानी होगी। केन्द्र सरकार की एडिप योजना और राष्ट्रीय व्योश्री योजना के अंतर्गत यह केंद्र स्थायी वितरण एवं परामर्श स्थल के रूप में कार्य करेगा। यह केंद्र न केवल कोटा बल्कि आसपास के जिलों के दिव्यांगजनों और वरिष्ठ नागरिकों के लिए भी एक सुलभ और स्थायी सहायता केंद्र के रूप में कार्य करेगा। इसके माध्यम से ज़रूरतमंदों को समय पर उपकरण प्राप्त होंगे और उन्हें जीवन में आत्मनिर्भरता और सम्मान के साथ जीने का अवसर मिलेगा। पीएम दिव्याशा केन्द्र खुलने से दिव्यांगजन व वरिष्ठजनों को सहायक उपकरण के लिए लम्बा इंतजार नहीं करना पड़ेगा। पहले एलिम्को द्वारा सहायक उपकरण के लिए लाभार्थी का मेडिकल असेसमेंट किया जाता था इसके बाद उपकरण तैयार कर वितरण शिविर आयोजित कर उपलब्ध करवाए जाते थे। इस प्रक्रिया में लाभार्थी को 1 साल से ज्यादा का इंतजार करना पड़ता था। अब लाभार्थी केन्द्र पर आसानी से पंजीयन कराकर उपकरण प्राप्त कर सकेंगे। केंद्र के माध्यम से दिव्यांगजनों को बैटरी चालित ट्राइसाइकिल (एमटीसी), हाथ से चलने वाली ट्राइसाइकिल, व्हीलचेयर, बैसाखी और श्रवण यंत्र (कान की मशीन) जैसी सुविधाएं निरूशुल्क प्रदान की जाएंगी। वहीं वरिष्ठ नागरिकों के लिए सिलिकॉन कुशन, गर्दन का कॉलर, घुटनों की पट्टी, कमर और रीढ़ की हड्डी की बेल्ट, कमोड युक्त स्टूल, व्हीलचेयर, सीट युक्त छड़ी, सामान्य छड़ी, तिपाई, टेट्रापॉड और श्रवण यंत्र जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

युवक की हत्या के मामले में हमलावरों की गिरफ्तारी व आर्थिक मदद की मांग

- आर्थिक मदद की सहमती पर हुआ समाप्त
- गाड़ी विवाद को लेकर युवक की हत्या की थी

कोटा, (निसं)। महावीर नगर थाना इलाके में गाड़ी साईड करने के विवाद को लेकर कार सवार कुछ बदमाशों ने गुरूवार रात्रि को श्रीनाथपुरम निवासी सुरेन्द्र जाटव की चाकू से हमला कर हत्या कर दी थी, वहीं हमले के दौरान बीच-बचाव करने में एक अन्य घायल हो गया था।

शनिवार को मृतक के परिजनों के साथ कांग्रेसी नेता राखी गौतम के नेतृत्व में समाज के लोगों ने मेडिकल कॉलेज के गेट के बाहर हमलावरों की शीघ्र गिरफ्तारी व आर्थिक मदद सहित अन्य मांगों को लेकर धरना देकर विरोध दर्ज कराया। मेडिकल कॉलेज अस्पताल के गेट के बाहर लगभग पांच घंटे तक परिजन समाज के लोग व कांग्रेसी नेता धरने पर बैठे रहे। वहीं हंगामे की सूचना पाकर जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन के आलाधिकारी भी मौके पर पहुंचे। धरने पर एडीएम सिलिंग कृष्णा शुक्ला व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिलीप सैनी ने मौके पर पहुंचकर धरने पर बैठे मृतक के परिजनों से समझाईश की, साथ ही नियमानुसार आर्थिक मदद व हमलावरों की शीघ्र गिरफ्तारी का आश्वासन दिया, जिसके बाद परिजनों ने धरने को समाप्त किया।

मृतक के परिजन और कांग्रेसजनों ने आर्थिक मदद के लिये मेडिकल कॉलेज अस्पताल में प्रदर्शन किया।

पुलिस ने मेडिकल बोर्ड से मृतक सुरेन्द्र जाटव के शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। मृतक की पत्नी का कहना है कि उसका पति मैकेनिक का काम करके परिवार का पालन-पोषण कर रहे थे हमलावरों की शीघ्र गिरफ्तारी की जाये साथ ही मकान पर जो बैंक का लोन है उसे माफ किया जाये। वहीं मौके पर पहुंची पूर्व महिला कांग्रेस अध्यक्ष राखी गौतम ने कहा कि छोटी सी बात को लेकर निर्दोष की चाकू से हमला कर हत्या कर दी जाता है जिसे देखकर लग रहा है कि आरोपियों में पुलिस का कोई डर नही रहा है। पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा देने एवं हमलावरों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है। वहीं शहर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिलिप सैनी ने कहा कि युवक की हत्या के हमलावरों को शीघ्र गिरफ्तार किया जायेगा। हमलावरों की गिरफ्तारी के लिये टीमें गठित कर दी गई है आरोपियों की तलाश की जा रही है। शहर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने कहा कि राज्य सरकार की जो योजनाएं है चाहे वह पालनहार योजना हो और चाहे विधवा पेंशन योजना सभी योजनाओ का लाभ मृतक के परिवार को दिलाया जायेगा।

यह था घटनाक्रम:- महावीर नगर इलाके के अहिंसा सर्किल के नजदीक गुरुवार को इश्तियाक मोहम्मद की दुकान पर उसका नौकर सुरेंद्र जाटव भी था। दुकान के बाहर गाड़ी खड़ी थी जिसे साईड में लेने के लिए कार सवार कुछ लड़कों ने कहा। इस बात को लेकर दोनों पक्ष में कहासुनी हो गई। इसके बाद कार सवार बदमाशों ने हमला कर दिया। इस घटनाक्रम में सुरेंद्र जाटव के पीठ, गले, छाती और पसलियों पर चोट लगी। वहीं बीच-बचाव के दौरान इश्तियाक के हाथ पैर टूट गए। दोनों को अस्पताल ले जाया गया। जहां सुरेंद्र जाटव ने दम तोड़ दिया। इस मामले में पुलिस ने हत्या का प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया।

सार-समाचार

एनपीएस और यूपीएस पर संगोष्ठी की

कोटा, (निसं)। भारतीय डाक कर्मचारी संघ कोटा मण्डल द्वारा प्रधान डाकघर नयापुरा में न्यू पेंशन स्कीम और यूनिफाईड पेंशन स्कीम के विषय को लेकर एक संगोष्ठी आयोजित की गयी। भारतीय डाक कर्मचारी संघ के मण्डल सचिव मुरलीधर सैन ने बताया कि डाककर्मीयों के बीच में एनपीएस और यूपीएस को लेकर एक संगोष्ठी आयोजित की गयी जिसमें गुजरात सर्किल के सहायक लेखाधिकारी नकुल देव शर्मा द्वारा एनपीएस और यूपीएस के बारे में विस्तार से बतलाया गया। नकुल देव शर्मा द्वारा दोनों ही पेंशन स्कीमों पर विस्तृत प्रकाश डाला गया। संगोष्ठी में दोनों की पेंशन स्कीम के फायदें एव नुकसानों पर विस्तृत जानकारी दी गयी। साथ ही संगोष्टी में पुरानी पेंशन स्कीम (ओपीएस) को आज भी सबसे बेहतर बतलाया गया। हालांकि यूपीएस आने के कारण कर्मचारीयों को एक निश्चित राशि मिलने की निश्चितता तय हुयी है। संगोष्ठी की अध्यक्षता नयापुरा प्रधान डाकघर के मुख्य डाकपाल रघुनन्दन मीणा द्वारा की गयी साथ ही सगोष्टी के अन्त में मुख्य कैशियर बृज कुमार लुहार द्वारा धन्यावद ज्ञापित किया गया।

पानी की छाकलों का वितरण

कोटा, (निसं)। जिलाध्यक्ष राकेश जैन ने बताया की भाजपा स्थापना दिवस के तहत भाजपा कोटा शहर द्वारा लगातार सेवाकार्य किये जा रहे है। सेवाकार्यों की कड़ी में जन्मदिन के अवसर पर ओएसडी राजीव दत्ता के हाथों से जीएमए सभागार, जीएमए प्लाजा में हीटवेव और बढ़ती गर्मी से बचाव के लिए जरूरतमंदो हेतु 100 पानी की छाकलों का वितरण किया गया। इस अवसर बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं सहित ओएसडी राजीव दत्ता का साफा, शॉल पहनाकर, 51 किलो के पुष्पहार एवं प्रशस्ति पत्र से अभिनंदन किया गया। राजीव दत्ता ने केक काटकर जन्मदिन मनाया तथा स्वागतकर्ताओं को ह्रदय से धन्यवाद प्रेषित किया।

शिविर का आयोजन

कोटा, (निसं)। कोटा के दशहरा मैदान में गुरु सेवा संघ परिवार एवं महर्षि दधिचि हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वापवधान में एक विशाल नि:शुल्क फिजियोथेरेपी चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर भगवान महावीर के जन्मकल्याणक कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित किया गया। शिविर प्रभारी डॉ.शुभम दाधीच ने बताया कि शिविर के मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश जैन एवं विशिष्ट अतिथि कोटा-बूंदी जिला दुग्ध संघ अध्यक्ष चैनसिंह राठौड़ रहे। अपने उद्बोधन में राकेश जैन ने समाज सेवा के इस महत्वपूर्ण कार्य की सराहना की।

पश्चिम मध्य रेल

ई-निविदा सूचना-कोटा मंडल-सिविल इन्जीनियरिंग

संख्या-डब्ल्यू/623/15 दिनांक- 08.04.2025

भारतसंघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से वरिष्ठ मण्डल इंजीनियर समन्वय, पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा निम्नलिखित कार्यो के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित करते है। **क्र. सं.01-टेंडर संख्या**-48/2025, **कार्य का विवरण**-मोरक, रावथा रोड़, अलनिया, डाढ़देवी -सप्लाई ऑफ क्लीन पोटेवल वाटर पर डे इन 2 ईयर। **अनुमानित लागत**-19,90,224.00। **बयाना राशि**-39,800.00, **क्र.सं.02-टेंडर संख्या**-49/2025, **कार्य का विवरण**-झालावाड़ सिटी, झालरापाटन, घाटोली सप्लाई ऑफ क्लीन पोटेवल वाटर पर डे फॉर 2 ईयर। **अनुमानित लागत**-21,02,174.10, **बयाना राशि**-42,100.00, **क्र.सं.03-टेंडर संख्या**-50/2025, **कार्य का विवरण**-कोटा-मथुरा सेक्शन :- इम्प्रूवमेंट टू ड्रेनेज अरेंजमेंट ऑफ एलएचएस इन लियू ऑफ एलसी न. : 189, 190, 191, 196, 205, 206 एण्ड 213 ईटीसी वाय प्रोवाइडिंग कवर शेड, पम्प, पम्प हाउस एण्ड साइड ड्रेन ईटीसी, अण्डर दि जूरिस्डिक्शन ऑफ एसएसई/वर्क/ बयाना। **अनुमानित लागत**-2,32,04,557.41। **बयाना राशि**-2,66,000.00, **क्र.सं.04-टेंडर संख्या**-51/2025, **कार्य का विवरण**-एडीईएन गंगापुर सिटी सेक्शन-इम्प्रूवमेंट ऑफ यार्ड एट वेरियस स्टेशन। **अनुमानित लागत**-9,02,15,521.02। **बयाना राशि**-6,01,100.00, **क्र.सं.05-टेंडर संख्या**-52/2025आर, **कार्य का विवरण**-नागदा-कोटा सेक्शन-टीटीआर (स्लीपर सेटस)-40 सेटस एण्ड टीटीआर (डब्ल्यूसीएमएससी)-11सेटस। **अनुमानित लागत**-79,23,362.22, **बयाना राशि**-1,58,500.00। **उपरोक्त सभी निविदाओं के टेंडर भरने की अंतिम तिथि एवं समय-15.30 Hrs. on date 30.04